मॉडल से दिखाए अविष्कार

n **एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़:** अग्रवाल कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 मनाया गया। इसमें सर सीवी रमन एक भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि इस दौरान विज्ञान आधारित स्लोगन राइटिंग, क्विज, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, वर्किन मॉडल प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी। इसमें विजिटिंग एडवाइजर मानव रचना इंटरनैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च (MRIIRS) के प्रफेसर एसके चक्रवर्ती मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर डॉ. केएल कौशिक, गणित विभागाध्यक्ष, डॉ. देवेंद्र, विज्ञान फोरम के सदस्य, प्रिया अरोड़ा, डॉ. भूपेंद्र, चंदर अत्री, पूनम गुप्ता और कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।